कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त संस्थान)

Email address principalgckota@gmail.com

क्रमांक:- 2076 दिनांक:- 6/1/2024

प्लेसमेन्ट एवं कैरियर काउंसलिंग सेल
"जॉब फेयर-2023 प्लेसमेन्ट रिपोर्ट

राजकीय महाविद्यालय, कोटा के स्टॉफ सभागार में दिनांक 12.12.2023 को प्लेसमेन्ट एवं कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा प्लेसमेन्ट ऐजेन्सी कुसुम हितकारी बाल विकास समिति एवं आर.सी.एस इण्डिया कन्सेप्ट के माध्यम से "जॉब फेयर-2023" का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में 'जेनेरेशन नेक्सट बी.पी.ओ., श्रीराम लाइफ इनश्योरेन्स, सुशान्त डिजिटल फिनटेक सर्विस, मैसर्स आर.सी.गुप्ता जय वर्जेश्वरी-व्हीकल कानट्रेक्टर एण्ड ट्रेवलिंग ऐजेन्सी, नव भारत फर्टीलाइजर लिमिटेड' कम्पनियों ने भाग लिया।

जॉब फेयर में विभिन्न काउन्टर्स पर कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय के 115 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया तथा मौके पर ही 58 विद्यार्थियों की छटनी की गयी जिसमें से 39 छात्र-छात्राओं को गहन साक्षात्कार के बाद सोर्टलिस्ट किया गया। कम्पनी जेनेरेशन नेक्सट बी.पी.ओ. कोटा द्वारा (13), श्रीराम लाइफ इनश्योरेन्स के द्वारा (02), सुशान्त डिजिटल फिनटेक सर्विस के द्वारा (16), मैसर्स आर.सी.गुप्ता जय वर्जेश्वरी-व्हीकल कानट्रेक्टर एण्ड ट्रेवलिंग ऐजेन्सी कोटा द्वारा (04), नव भारत फर्टीलाइजर लिमिटेड जयपुर द्वारा (04) विद्यार्थियों का जॉब हेतु चयन किया गया।

जॉब फेयर में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार, प्लेसमेन्ट ऐजेन्सी अध्यक्ष डॉ. कुसुम शर्मा, प्लेसमेन्ट एण्ड कैरियर काउन्सलिंग सेल संयोजक डॉ. सुमन शर्मा एवं समिति सदस्य डॉ. एच.एस.गोस्वामी, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. दीपमाला, डॉ. सचिन डोई एवं डॉ. रीना कुमारी ने दिनभर चले इस जॉब फेयर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। जॉब फेयर के इस सफल आयोजन का कवरेज दिनांक 13.12.2023 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति, चम्बल संदेश, राष्ट्रदूत, जननायक अखबारों में प्रकाशित हुआ।

संयोजक	प्राचार्य
(प्लेसमेन्ट एवं कैरियर कांउसलिंग सेल)	राजकीय महाविद्यालय, कोटा